संख्या-2152/33-3-2023-21 भा0स0/2023

प्रेषक,

**मनोज कुमार सिंह,**
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1— **निदेशक,**
पंचायतीराज,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

2— **समस्त जिलाधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

पंचायती राज,अनुभाग-3 लखनऊः दिनांक-13 अक्टूबर, 2023

**विषयः— मिशन शक्ति अभियान, 2023 (फेज-4) के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित् करने की दिशा में विभाग दृढ़ संकल्पित है एवं विभाग द्वारा निरन्तर क्षमता संवर्द्धन एवं प्रशिक्षण गतिविधियों का संचालन कर महिला जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकारों, उनमें नेतृत्व एवं संचार कौशल विकसित किए जाने का प्रयास किया जाता रहा है।

उक्त के क्रम में पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से मिशन शक्ति अभियान, 2023 (शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस-15 अक्टूबर, 2023 से प्रारम्भ) अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन की दिशा में निम्नांकित गतिविधियाँ संचालित की जानी हैः—

| क्र0 सं0 | गतिविधियाँ | गतिविधियों का विवरण | कार्यकारी इकाई | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बालिका जन्म पंजीकरण अभियान | • बालिका जन्म का अनुश्रवण करते हुए ग्राम पंचायत में बालिकाओं के जन्म का पंजीकरण, सी.आर.एस. पोर्टल पर शत-प्रतिशत सुनिश्चित् किया जाना।<br>• ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायतों द्वारा बालिका जन्म पंजीकरण के विषय में जन-जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार किया जाना। | समस्त त्रि-स्तरीय पंचायतें | अक्टूबर, 2023 से अनुश्रवण |
| 2 | महिला सभा का आयोजन | • जनयोजना अभियान, 2023 की अवधि में पंचायती राज विभाग के शासनादेश संख्या-4121/33-3- | समस्त त्रि-स्तरीय पंचायतें | अक्टूबर से दिसम्बर, 2023 के |

Dell/d/Server/GO

| क्र0 सं0 | गतिविधियॉ | गतिविधियों का विवरण | कार्यकारी इकाई | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| | | 2022 दिनांक 06.11.2022 में निर्दिष्ट महिला सभाओं का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं की आवश्कताओं को वार्षिक कार्ययोजना/जी.पी.डी.पी. का भाग बनाया जाना।<br>• क्षेत्र पंचायतों एवं जिला पंचायतों द्वारा द्वारा भी महिला सदस्यों के साथ बैठक कर उनसे सम्बन्धित विषयों को वार्षिक कार्ययोजना का भाग बनाया जाना। | | मध्य |
| 3 | बालिका शौचालयों की मरम्मत, जीर्णोद्वार अथवा उपयोग सुनिश्चित् करना। | • पंचायतों में स्थापित शासकीय प्राथमिक, अपर माध्यमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में बालिका शौचालयों की मरम्मत/जीर्णोद्वार एवं उनका उपयोग सुनिश्चित् करना। | ग्राम पंचायत | अक्टूबर एवं नवम्बर, 2023 |
| 4 | पंचायती राज संस्था–स्वयं सहायता समूह (पी.आर.आई –एस.एच.जी.) का प्रशिक्षण | राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अन्तर्गत पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान (प्रिट) एवं जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर के माध्यम से 1,15,404 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित कर महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार गरीबी उन्मूलन कार्ययोजना को ग्राम पंचायतों की वार्षिक कार्ययोजना का भाग बनाये जाने के लिए संवेदित करना। | प्रिट एवं जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर एवं विकास खण्ड | अक्टूबर, 2023 से जनवरी, 2024 के मध्य |
| 5 | महिला प्रधानों का प्रशिक्षण | स्वयं सेवी संस्था सी–3 के सहयोग से लगभग 17500 महिला प्रधान को उनके अधिकारों, नेतृत्व एवं संचार कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण प्रदान करना। | प्रिट एवं जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर | अक्टूबर, 2023 से जनवरी, 2024 के मध्य |
| 6 | महिलाओं के अधिकारों एवं उनसे सम्बन्धित | सूचना विभाग, उ0प्र0 से महिला अधिकारों एवं उनसे सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी एवं मुद्रित | पंचायती राज विभाग एवं सूचना | अक्टूबर से दिसम्बर, 2023 के |

| क्र0 सं0 | गतिविधियाँ | गतिविधियों का विवरण | कार्यकारी इकाई | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| | योजनाओं का प्रचार–प्रसार | संदर्भ सामग्री प्राप्त कर ग्राम पंचायतों में वितरण। | विभाग, उ0प्र0। | मध्य |
| 7 | मॉडल ग्राम पंचायत की महिला प्रधानों का सम्मान | अन्तर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस (15 अक्टूबर) के उपलक्ष्य में मॉडल ग्राम पंचायत की महिला प्रधानों को सम्मानित करना। | पंचायती राज निदेशालय | 16 से 18 अक्टूबर, 2023 के मध्य। |

3– इस सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्तानुसार मिशन शक्ति अभियान, 2023 (फेज–4) का क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में करते हुए विभागीय एम.पी.आर.पोर्टल (निर्धारित प्रारूप संलग्न) पर फोटो सहित पाक्षिक प्रगति आख्या अपलोड कराना सुनिश्चित् करें।

संलग्नक : यथोक्त

भवदीय,
Manoj 13.10.23
**(मनोज कुमार सिंह)**
अपर मुख्य सचिव।

**संख्या व दिनांक– तदैव।**
**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

**1–** विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0।
**2–** निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
**3–** सचिव, गृह (पुलिस) विभाग, उ0प्र0 शासन।
**4–** निदेशक, सूचना विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
**5–** संयुक्त निदेशक, पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ।
**6–** समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
**7–** समस्त मंडलीय उपनिदेशक (पं0), उ0प्र0।
**8–** समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उ0प्र0।
**9–** समस्त अपर मुख्य अधिकारी, उ0प्र0।
**10–** समस्त खण्ड विकास अधिकारी, उ0प्र0।
**11–** समस्त प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत, उ0प्र0।
**12–** गार्ड फाइल हेतु।

**आज्ञा से,**
**( अशोक कुमार राम )**
अनु सचिव।

संलग्नक: 1

# मिशन शक्ति अभियान, 2023 अन्तर्गत पंचायती राज विभाग, उ0प्र0 द्वारा संचालित गतिविधियाँ।

प्रगति भरने की अवधिः पाक्षिक

| क्र0 | जनपद | ग्राम पंचायतों में माह में जन्मीं बालिकाओं की संख्या | सी.आर.एस. पोर्टल पर पंजीकृत जन्म | ग्राम पंचायत की संख्या | माह में आयोजित महिला सभा | माह में मरम्मत/जीर्णो द्वार /उपयोग में लाये गए बालिका शौचालय | पी.आर.आई.–एस.एच.जी. कन्वर्जेंस प्रशिक्षण का लक्ष्य | प्रशिक्षण में माह में प्रशिक्षित प्रतिभागी | महिला अधिकार, नेतृत्व एवं संचार कौशल पर महिला प्रधानों के प्रशिक्षण का लक्ष्य | प्रशिक्षित महिला प्रधान | ग्राम पंचायत की सं0 जिनमे प्रचार–प्रसार सामग्री वितरित की गयी है। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| | | | | | | | | | | | |